**Series SOS**

Code No. **98**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **6** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **6** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# ENTREPRENEURSHIP
# उद्यमिता

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

[redacted]

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *the questions are compulsory.*

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Questions No.* ***1*** *to* ***5*** *are very short answer questions carrying* ***1*** *mark each. Answer to each of these should not exceed* ***15*** *words.*

*(iv)* *Questions No.* ***6*** *to* ***10*** *are short answer questions carrying* ***2*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***50*** *words.*

*(v)* *Questions No.* ***11*** *to* ***17*** *are short answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***75*** *words.*

*(vi)* *Questions No.* ***18*** *to* ***21*** *are short answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***150*** *words.*

*(vii)* *Questions No.* ***22*** *to* ***24*** *are long answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***250*** *words.*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

*(ii)* प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

*(iii)* प्रश्न संख्या **1** से **5** अति लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं । इनमें प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **15** शब्दों से अधिक न हो ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **6** से **10** लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं । इनमें प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **50** शब्दों से अधिक न हो ।

*(v)* प्रश्न संख्या **11** से **17** लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं । इनमें प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **75** शब्दों से अधिक न हो ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **18** से **21** लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं । इनमें प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **150** शब्दों से अधिक न हो ।

*(vii)* प्रश्न संख्या **22** से **24** दीर्घ उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं । इनमें प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो ।

**1.** What is meant by 'Product-Mix' ?

'उत्पाद-मिश्र' से क्या अभिप्राय है ? *1*

**2.** When is an 'Application for Permanent Registration' required and where has an entrepreneur to apply for obtaining this while setting up a small scale enterprise ?

एक लघु-स्तरीय उद्यम की स्थापना करते समय 'स्थायी पंजीयन प्रमाण-पत्र' की आवश्यकता कब होती है और उद्यमी को इसकी प्राप्ति के लिए कहाँ आवेदन करना होता है ? *1*

[redacted]

3. "Entrepreneurs are dreamers with a vision." How ? 1
"उद्यमी सुदूर स्वप्नद्रष्टा होते हैं ।" कैसे ?

4. Identify the intermediaries involved in the indirect-selling mode. 1
अप्रत्यक्ष-विक्रय विधि में निहित मध्यस्थों की पहचान कीजिए ।

5. What is meant by investigation of ideas ? 1
विचारों की परख (जाँच पड़ताल) से क्या आशय होता है ?

6. State any four basic functions involved in 'selling' as a function of exchange. 2
विनिमय के एक कार्य के रूप में 'विक्रय' में निहित किन्हीं चार मूलभूत कार्यों का उल्लेख कीजिए ।

7. Pragya Ltd. decided to sell air-conditioners and refrigerators at a discount during winter season to clear the stock. Name and explain the environmental factor which helped them in taking this decision. 2
प्रज्ञा लिमिटेड ने स्टॉक को खत्म करने के लिए यह निर्णय लिया कि सर्दी के मौसम के दौरान एअर-कंडीशनर्स तथा रेफ्रीजरेटर्स को छूट पर बेचा जाएगा । उस पर्यावरण सम्बन्धी घटक का नाम बताते हुए समझाइए जिसने उन्हें यह निर्णय लेने में सहायता की ।

8. When an enterprise is born the equilibrium between the two sets of forces is required. Identify the forces. 2
जब एक उद्यम का जन्म होता है तो दो शक्तियों के समूहों के बीच संतुलन की आवश्यकता होती है । इन शक्तियों को पहचानिए ।

9. Explain 'Operational Plan' as a feature of a feasibility plan. 2
'संचालन-योजना' को सम्भाव्यता योजना के लक्षण के रूप में समझाइए ।

10. Which is the most important asset under the head 'Asset Management' for an entrepreneur and how does he generate it ? 2
एक उद्यमी के लिए 'सम्पत्ति प्रबन्ध' शीर्षक के अन्तर्गत सबसे महत्त्वपूर्ण सम्पत्ति कौनसी है और वह इसे किस प्रकार उत्पन्न करता है ?

11. Name the element of a 'Project Report' that deals with the description and use of the product/service. Also state the other areas which find a place in this element. 3
एक 'परियोजना रिपोर्ट' के उस घटक का नाम बताइए जो वस्तु/सेवा के विवरण एवं उपयोग से सम्बन्धित है । इस घटक में जिन अन्य क्षेत्रों को स्थान दिया गया है उनका भी उल्लेख कीजिए ।

12. State the steps of the action plan of a Production Manager under the head 'Production Planning and Scheduling'. *3*

'उत्पादन नियोजन एवं सूचीकरण' शीर्षक के अन्तर्गत उत्पादन प्रबन्धक की क्रियात्मक योजना के चरणों का उल्लेख कीजिए ।

13. Explain, 'Persistence', 'Creativity' and 'Taking initiative' as entrepreneurial competencies. *3*

एक उद्यमी की क्षमताओं के रूप में 'दृढ़ता', सृजनात्मकता' तथा 'पहल करने की क्षमता' को समझाइए ।

14. Explain any three decisions to be taken under the head 'Material Resource' while setting up a small scale enterprise. *3*

एक लघु-उद्यम की स्थापना करते समय 'सामग्री संसाधन' शीर्षक के अन्तर्गत लिए जाने वाले किन्हीं तीन निर्णयों को समझाइए ।

15. Name and explain the method of pricing in which price of a product is fixed consciously at a low level with minimal margin of profit. *3*

मूल्य-निर्धारण की उस विधि का नाम बताते हुए उसे समझाइए जिसमें जान बूझकर एक उत्पाद का मूल्य बहुत निम्न स्तर पर अल्पतम लाभ के साथ निश्चित किया जाता है ।

16. What should an entrepreneur do to mobilise the resources ? Explain. *3*

एक उद्यमी को संसाधनों को गतिशील बनाने के लिए क्या करना चाहिए ? समझाइए ।

17. "One of the essential objectives of managing the market is 'creating demand'." Explain. *3*

"बाज़ार प्रबन्धन के आवश्यक उद्देश्यों में से एक 'माँग सृजन' है ।" समझाइए ।

18. What is a 'feasibility plan' ? Why does the entrepreneur need a feasibility plan ? *4*

एक 'सम्भाव्यता योजना' क्या है ? उद्यमी को सम्भाव्यता योजना की आवश्यकता क्यों पड़ती है ?

2

19. Explain the concepts of 'Cost, Revenue and Break-Even-Point'. Also explain how Break-Even-Point is calculated. *4*

'लागत, आगम तथा सम-विच्छेद-बिन्दु' की अवधारणाओं को समझाइए । यह भी समझाइए कि 'सम-विच्छेद बिन्दु' की गणना कैसे की जाती है ।

98

20. Illustrate how an entrepreneur assesses the working capital requirements of an enterprise taking into consideration the operating cycle.

एक उद्यमी एक उद्यम की चालू-पूँजी सम्बन्धी आवश्यकताओं का अनुमान संचालन चक्र को ध्यान में रखते हुए कैसे लगाता है, एक उदाहरण की सहायता से समझाइए । *4*

21. Explain 'ability to harness different sources of knowledge and information' and 'vision and creativity' as important factors involved in the process of sensing opportunities.

'ज्ञान और सूचना के विभिन्न स्रोतों को उपयोग में लाने की योग्यता' तथा 'दूरदर्शिता व सृजनात्मकता' को सुअवसरों की अनुभूति की प्रक्रिया में निहित महत्त्वपूर्ण घटकों के रूप में समझाइए । *4*

22. What is meant by Factoring ? State any five features of Factoring.

**OR**

Explain the following sources of finance of an enterprise : *6*

(i) Chit-Fund (ii) Personal saving (iii) Deposits from dealers (iv) Private money-lenders.

लेनदारी लेखाक्रय से क्या अभिप्राय है ? लेनदारी लेखाक्रय की किन्हीं पाँच विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

एक उद्यम के निम्नलिखित वित्तीय स्रोतों को समझाइए :

(i) चिट-फण्ड (ii) व्यक्तिगत बचत (iii) व्यापारियों से जमा (iv) देशी महाजन या साहूकार ।

23. Describe any three methods adopted by entrepreneurs to generate ideas, with at least one example for each.

**OR** *6*

Describe any three fields of ideas, with suitable examples.

उद्यमियों द्वारा विचारों की उत्पत्ति के लिए अपनाए जाने वाली किन्हीं तीन विधियों का वर्णन प्रत्येक का कम-से-कम एक उदाहरण देते हुए कीजिए ।

**अथवा**

उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से किन्हीं तीन विचार-क्षेत्रों का वर्णन कीजिए ।

24. *Name and explain the type of capital which is known as risk capital of an enterprise. State any two advantages and any two limitations of this capital.* 6

**OR**

Name and explain the type of capital which does not provide any right of control over management of the enterprise. State any two advantages and any two limitations of this capital.

पूँजी के उस प्रकार का नाम बताते हुए समझाइए जिसे एक उद्यम की जोखिम-पूँजी के रूप में जाना जाता है । इस पूँजी के किन्हीं दो लाभों एवं किन्हीं दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

पूँजी के उस प्रकार का नाम बताते हुए समझाइए जो उद्यम के प्रबन्ध पर नियन्त्रण का कोई अधिकार प्रदान नहीं करती । इस पूँजी के किन्हीं दो लाभों एवं किन्हीं दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए ।